### खबर संक्षेप



### पांच जुआरियों को पुलिस ने दबोचा, 4750 रूपए जब्त

**उमरियापान।** जुआ खेलते हुए 5 आरोपियों को उमरियापान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि परसेल में खेल मैदान के पास स्ट्रीट लाइट की रोशनी में कुछ जुआरी ताश के 52 पत्तों पर रुपये-पैसों में हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की और धर दबोचा। पुलिस ने जिन जुआरियों को पकड़ा है,उनमें जबलपुर जिले अंतर्गत मझगवां थाना के कचनारी निवासी अरविंद पिता इन्द्र कुमार कुर्मी 37, देवरी सतधारा निवासी दीपक पिता बैजनाथ राय (45),कुम्ही सतधारा निवासी दीपक पिता वीरचंद्र राय 37, उमरियापान थाना के परसेल निवासी आकाश पिता सुनील तिवारी (18)वर्ष और शनि पिता धर्मेन्द्र बंशकार( 19) को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 52 ताश पत्ते एवं 4750 रुपये नगद जप्त किया। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह,अजय सिंह, आरक्षक योगेश पटेल, आरक्षक रोहित झारिया, मनोज कुम्हरे, जगन्नाथ सिंह की भूमिका रही।

### करौंदी में श्रमदान करते हुए किया बोल्डर बंधान



**उमरियापान।** जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा अंतर्गत ढीमरखेड़ा सेक्टर के ग्राम करौंदी में जल संचय अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्रों ने बनेहरा नाले में श्रमदान करते हुए बोल्डर बंधान किया। परामर्शदाता अंकित झारिया ने जल संचय अभियान की जानकारी देते हुए सीएमसीएलडीपी असाइनमेंट के बारे में बताया। उन्होंने जल संरक्षण को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए जनभागीदारी पर जोर दिया। सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वर्षा जल का संरक्षण कर जलस्तर को बढ़ाना एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से जल संकट से निपटा जा सकता है। इस दौरान पंकज नामदेव, सीएमसी एलडीपी छात्र उमेश सोनी, सुजीत बर्मन,शालिनी कोरी, विपाशा ठाकुर, प्रीति कुर्मी, लक्ष्मी, रिंकी सिंह, शिवम तंतुवाय शामिल रहे।

### अवैध पैकारी बन्द कराने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**सिलौंडी।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह को पत्र के माध्यम से सिलौंडी क्षेत्र में चल रही अवैध रूप से शराब पैकरियो की जानकारी से अवगत करते हुए सभी अवैध शराब पैकारी बंद कराने की मांग किया है ।विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने तुरंत पुलिस अधीक्षक को फोन पर पूरी जानकारी से अवगत कराते हुए तुरत करवाई करने निर्देशित किया है ।मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने बताया कि सिलौंडी क्षेत्र में छोटे छोटे गांव में अवैध रूप से शराब पैकारियो के कारण युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है ।अनेक परिवारों में लड़ाई झगडे हो रहे है ।

## एम.सी.एच. न्यू बिल्डिंग स्थित मीटिंग हाल में रोगी कल्याणि समिति की कार्यकारिणी सभा की हुई बैठक

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में हुये कई अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता मे जिला चिकित्सालय एम.सी.एच. न्यू बिल्डिंग स्थित मीटिंग हाल में रोगी कल्याणि समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में बताया गया कि जिला चिकित्सालय परिसर में एनएचएम द्वारा प्रदत्त 1.19 करोड़ रूपये की लागत से फायर फाइटिंग प्रणाली स्थापित की जा रही है। इलेक्ट्रिक ऑडिट में पाये गये बिंदुओं पर कार्यवाही जारी है। 100 मेट्रेस कवर, डेंटल चेयर हेतु कम्प्रेसर, 2 एयर कण्डीशनर, टंकी ओवर फ्लोवाल,2 मल्टीपेरा मॉनिटर, अस्थिरोग उपचार हेतु ड्रिल, आरी व के-वायर की प्रक्रिया पूर्ण होकर उपकरण कार्यशील में स्थापित हैं। एक 250 कि.वॉट जनरेटर को 33 के.व्ही.ए. सब स्टेशन पर स्थापित करने के केजुअल्टी में केन्द्रीकृत ऑक्सीजन प्रणाली, सोलर वाटर हीटिंग प्रणाली, ओ.टी. एच.बी. ए.सी. सुधार, भवन में सुधार कि प्रक्रिया भावी भवन विस्तार व मेडिकल कॉलेज स्थापन को ध्यान रखते हुए लंबित रखी गई है।

वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट एवं नवंबर 2025 तक संपन्न वित्तीय लेखे का प्रस्तुतीकरण सचिव द्वारा किया गया। सदस्यों द्वारा समस्त विवरण एक साथ रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसे सदन द्वारा अनुमोदित किया गया।

बैठक में विधायक श्री जायसवाल द्वारा - सहायक प्रबंधक/प्रभारी रो.क.स. को बचत खाते को लिंक एफ.डी. खाते में परिवर्तित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सायकल स्टैण्ड ठेकेदार को 5 लाख 88 हजार 888 रूपये की राशि जमा करने हेतु अंतिम नोटिस दिया गया। रोगी कल्याण समिति के माध्यम से दी जाने वाली रोगियों से एक्सरे व अन्य सुविधाओं हेतु उपयोगिता प्रभार का विषय सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया जिस पर गहन चर्चा उपरांत कलेक्टर कॉस्टि बेनिफिट एनालिसिस कर पुनः अगली बैठक में प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्रीमती तपस्या परिहार द्वारा नगर निगम कटनी के लिये चिकित्सालय की लगभग 60 लाख रूपये की उपयोगिता प्रभार की देयता का विषय उठाया गया। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा विभाग से उक्त राशि प्राप्त



करने सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया। बैठक में सचिव द्वारा रेस्कोस मोड पर जिला चिकित्सालय कटनी परिसर की उर्जा आवश्यसकता हेतु सोलर रूफटाफ संयत्र स्थापित करने प्रस्ताव दिया गया। जिसे सभा द्वारा अनुमोदित कर क्रय शाखा प्रभारी को कार्यवाही के निर्देश दियेगये।

बैठक में सचिव द्वारा वर्ष 2025-26 के प्रथम आठ माह में चिकित्सालय द्वारा की गई रोगी सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि स्टाफ की कमी के बावजूद सुविधायें सतत जारी रखी जा रही हैं। सभा ने इस पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही आर.एस.ओ. द्वारा ड्यूटी चिकित्सकों की कमी की जानकारी दी गई जिसकी पूर्ति हेतुकलेक्टतर श्री तिवारी द्वारा सीएमएचओ को निर्देशित किया गया।

#### मेडिकल कॉलेज की जानकारी

बैठक में सचिव द्वारा पी.पी.पी. आधार पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना विषयक जानकारी दी गई। जिस पर विधायक श्री जायसवाल द्वारा निर्देशित किया गया कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन समिति द्वारा जो भी कार्यवाही की जाती है, वह समिति के समक्ष भी प्रस्तुत की जावे। विस्तार गतिविधियों हेतु प्रबंधक द्वारा ही कार्यवाही की जावेगी।

#### मुड़वारा स्टेशन की ओर बनेगा गेट

बैठक के दौरान सचिव द्वारा समस्त भवनों में विद्यमान सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि वर्तमान में परिसर में आगे व पीछे 2 गेट खुले रहते हैं। परंतु भविष्य में केजुअल्टी परिसर नये सीसीएचबी भवन में स्थानांतरित होना है। जिसके कारण यदि भवन के समीप ही एक गेट दीवार तोड़ते हुए मुड़वारा स्टेशन के सामने की मेन रोड की ओर खोला जावे तो आकस्मिक कक्ष पहुंचने हेतु अंदर संकरे रास्तों से नहीं जाना होगा एवं कीमती समय की बचत होगी। इसके साथ ही आकस्मिक कक्ष एवं ओ.पी.डी. परिसर में प्रवेश द्वारा अलग-अलग रखना गुणवत्ता की दृष्टि से उत्तम होगा। जिस पर विधायक श्री जायसवाल एवं कलेक्ट र श्री तिवारी द्वारा एन.एच.एम. के सहायक प्रबंधक व सब इंजीनियर को कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में सदस्य श्रीमती कामिनी जौहर ने 6 से 12 पैनल ई.सी.जी. मशीन अनुमानित कीमत 3 लाख रूपये अपनी ओर से दान देने की घोषणा की।

बैठक के दौरान सुमित अग्रवाल ने 0.40 लाख की लागत से सीबी नाट मशीन हेतु एक यूपीएस देने घोषणा की। साथ ही 20 कंबलों का वितरण अतिथियों व सदस्यों से कराते हुए 80 कम्बल शिशुरोग विभाग हेतु चिकित्सालय को दान किया गया। सचिव द्वारा चिकित्सालय परिसर में शौचालय सुधार का प्राक्कलन प्रस्तुत करते हुए 17 हजार 418 का राशि की मांग की गइ। जिस पर कलेक्टदर श्री तिवारी ने विधायक निधि/जिला खनिज निधि से आवेदन करने हेतु निर्देशित किया। विधायक जायसवाल द्वारा वर्ष 1983 मे जनभागीदारी से निर्मित 80 बिस्तरीय आई.सी.यू. व मेडिकल वार्ड भवन का नामकरण तत्कालिक प्रभारी डॉ. ए.पी. सिंह के नाम पर करने प्रस्ताव रखा, जिस पर सभा में सहमति देते हुए सचिव को आवश्य क कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्तष तपस्या परिहार, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर आदि की उपस्थिति रही।

## सुरक्षा की दृष्टि को लेकर निगमाध्यक्ष ने कराई कार्यवाही

# जिला न्यायालय के सामने हुए हादसे में मौत के बाद स्पीड ब्रेकर को हटवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला न्यायालय के मुख्य गेट के सामने गुरुवार को हुए सड़क हादसा में एक युवती की मौत और एक गंभीर रूप से घायल होने के मामले पर निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने सुरक्षा की दृष्टि से स्पीड ब्रेकर को हटवाने कार्यवाही की। श्री पाठक नें इस दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार से दूरभाष पर चर्चा करते हुए स्पीड ब्रेकर हटाये जाने के बाद उक्त स्थल पर मल्टी सेगमेंट स्पीड ब्रेकर अतिशीघ्र लगवाए जाने की बात कही, ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा दोनो बनी रहे ।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कहा कि,जो हुआ, वह केवल एक



दुर्घटना नहीं है, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाने वाली पीड़ा है। जिस स्पीड ब्रेकर से आज एक बेटी की जान चली गई, उसी स्थान पर पूर्व में भी कई दुर्घटनाएँ हो चुकी है,यदि किसी जगह बार-बार हादसे हो रहे हों और हम समय रहते सुधार न करें, तो यह व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी। शहर के नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री पाठकं नें मौके पर पहुँचकर स्पीड ब्रेकर को हटवाने का निर्णय लिया, ताकि भविष्य में कोई और परिवार इस तरह का अपूर्णिय दुख न झेले। श्री पाठक नें कहा कि,दिवंगत बेटी के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि घायल बिटिया शीघ्र स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच लौटे। नगर निगम यह सुनिश्चित करेगा कि शहर में जहाँ-जहाँ सड़क संरचनाएँ खतरा बन रही हैं, वहाँ तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। नागरिकों की जान से बढ़कर कुछ भी नहीं है। जनता की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए निगम अध्यक्ष ने अपने सामने ही जेसीबी मशीन मंगवाकर सडक के दोनो ओर बने स्पीड ब्रेकर को हटवाने की कार्यवाही कराई, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसा दर्द न सहना पड़े। यह निर्णय अपूर्णीय क्षति को ध्यान में रखते हुए लिया गया।

## जिले भर की पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन



जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिले भर में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। विशेष ग्राम सभाओं में विशेष रूप से बड़ी संख्या महिलाओं की और अन्य सभी वर्गों की उत्साह जनक भागीदारी रही। जिले की समस्त जनपद पंचायतों रीठी, बहोरीबंद,ढीमरखेड़ा, कटनी, विजयराघवगढ़ और बड़वारा की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन हुआ। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विजन विकसित भारत@ 2047 के परिपेक्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट, 2025 (मनरेगा) के स्थान पर विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण): वी बी- जी राम जी (विकसित भारत- जी राम जी) अधिनियम, 2025 लागू किया गया है। इसके महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं प्रदत्त कानूनी अधिकारों के संबंध में व्यापक जागरूकता लाने के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर आवश्यक जानकारी दी गई। विशेष ग्राम सभाओं में उत्साह जनक जन भागीदारी और महिलाओं की मौजूदगी रही।

# उमरियापान क्षेत्र में तेंदुए की दहशत, वन विभाग अलर्ट, स्थिति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान से सटे ग्रामीण इलाकों में इन दिनों तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों द्वारा तेंदुए को देखे जाने की लगातार मिल रही सूचनाओं के बाद वन विभाग अलर्ट हो गया है। शनिवार को ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा वन विभाग के अमले के साथ मुड़िया पुरवा की पहाड़ी पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने की समझाइश दी। उनसे कहा कि कोई भी व्यक्ति अकेले जंगल या पहाड़ी क्षेत्र की ओर न जाए। गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सावधान करने के निर्देश भी दिए। ग्रामीणों और किसानों ने



बताया कि उमरियापान के मुड़िया पुरवा, टोपी, घुघरा, घुघरी, धौरेशर, छोटा कछारगांव और पचपेढ़ी सहित आसपास के गांवों में तेंदुए को देखा गया है। तेंदुए द्वारा दो बकरियों का शिकार भी किया गया है। जिससे ग्रामीणों में भय और बढ़ गया है।घटना के बाद उमरियापान निवासी वैभव चौरसिया, रमाकांत चौरसिया, दिनेश ठाकुर, सुनील चौरसिया, रामगोपाल पटेल एवं मनीष चौरसिया ने वन विभाग से तेंदुए का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ने की मांग की है। ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है। एक विशेष दल का गठन किया गया है जो तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

## कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

# रेत के अवैध उत्खनन पर तहसील कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

तहसील क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न ग्रामों से पूर्व ठेकेदार द्वारा बिना एग्रीमेंट के निकाली जा रही अवैध रूप से रेत को लेकर कांग्रेसियों ने विजयराघवगढ़ तहसील गेट के सामने बैठकर प्रदर्शन किया व जिला कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि संपूर्ण जिले में अवैध रूप से निकाली जा रही रेत को तत्काल बंद कराते हुए अवैध रूप से संचालित रेत जांच नाकों को बंद कराया जाए।

जानकारी के अनुसार विजय राघवगढ़ तहसील क्षेत्र के साथ ही कटनी जिले में संचालित रेत खदान जिसमें बहिरघटा, सूतरी, लधहर,



जाजागढ़ सहित अन्य ग्रामों से पूर्व ठेकेदार द्वारा ठेका की संपूर्ण प्रक्रिया के पूर्व ही अवैध रूप से रेत निकालकर नदियों का सीना छलनी किया जा रहा है जिससे राजस्व की छति के साथ पर्यावरण पर विशेष असर पड़ रहा है।

कांग्रेस ने रेत के अवैध उत्खनन को तत्काल बंद कराने के लिए विजयराघवगढ़ सिंनगौडी बरही ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस जनों ने विजयराघवगढ़ तहसील गेट पर लगभग तीन घंटे का धरना-प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी से ज्ञापन के माध्यम से मांग रखी की विजयराघवगढ़ क्षेत्र की नदियों में चल रहे रेत का अवैध उत्खनन बंद कर खनन माफिया के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावे एवं क्षेत्र में चल रहे रेत के अवैध जांच नाका बंद किए जावे साथ ही ग्राम विकास कार्य हेतु तथा धार्मिक स्थलों हेतु मुफ्त रेत दिलाई जावे।

कार्यक्रम में तीनों ब्लाक अध्यक्ष रवींद्र सिंह बघेल शरद द्विवेदी अम्बिका द्विवेदी के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र शुक्ला गणेश राव प्रेमलाल केवट गुड्डु बडगैया श्रीमती शक्ति तिवारी रवि दुवे विकास पाण्डेय अजीत सिंह आशीष सिंह प्रिसू सिंह खलवारा प्रिसू सिंह भैसवाही अवधेश पयासी शिवकुमार बागरी संतोष तिवारी रामजी दुवेदी बुद्धू लाल केवट अमृत पाल गुलाब पाल भीम पटेल कमलेश दुवे शिवकुमार अजीत बडगैया राजा मुन्ना उपाध्याय अशोक उपाध्याय तेज प्रकाश सिंह शर्मा, विजय गिरी सुधीर तिवारी विजय पाल आदि उपस्थित रहे।

## जिला एवं विकासखंड स्तर पर आयोजित की जाएंगी विभिन्न गतिविधियां

# माहवार गतिविधियों के आयोजन हेतु सौंपे कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दिसंबर 2025 से अक्टूबर 2026 तक जिले में जिला एवं विकासखंड स्तर पर माहवार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही माहवार सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करते हुए कार्य उन्हें कार्य दायित्व सौंपे हैं।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जारी आदेश के अनुसार दिसम्बर 2025 अनुराग मोदी को सभी पंचायतों और जिला मुख्यालय में पदयात्राएं, ग्रामीण युवा एकता शिविर का आयोजन, बाजारों में वृत्तचित्र प्रदर्शन का दायित्व दिया गया है। इसी प्रकार जनवरी 2026 में उप संचालक कृषि को सरदार पटेल के कृषि सुधारों पर ब्लॉक व जिला किसान सम्मेलन, ग्रामीण क्षेत्र में सरदार पटेल की झांकियों का प्रदर्शन, गणतंत्र दिवस परेड में विशेष कृषि झांकी लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

इसी प्रकार फरवरी 2026 में प्राचार्य व नोडल उच्च शिक्षा शासकीय तिलक कॉलेज श्री सुनील कुमार बाजपेई ब्लॉक व जिला स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, जिला पुस्तकालयों में फोटो प्रदर्शनी, विरासत एवं सरदार पटेल की मूर्तियां के स्थलों व चौराहों पर सफाई अभियान चलायेंगे। जबकि मार्च 2026 में प्राचार्य शासकीय तिलक कॉलेज श्री बाजपेई और जिला खेल अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव जिले में साईक्लोथॉन और मैराथन दौड़ का आयोजन कर किसी मुख्य स्थान पर समापन कार्यक्रम करेंगे।

अप्रैल 2026 में उपायुक्त नगर निगम शैलेष गुप्ता जिले के महाविद्यालयों में सरदार पटेल पर व्याख्यान श्रृंखला आदि कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करेंगे। जबकि मई 2026 में जिला शिक्षा अधिकारी शराजेश अग्रहरी को जिले के लोक मंडलियों के साथ ₹पटेल और भारत की एकता₹ विषय पर सांस्कृतिक महोत्सव और एकता गीत प्रतियोगिता आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है। जून 2026 के लिये जिला खेल अधिकारी सुनीता यादव और उपसंचालक कृषि जिले के मुख्यालय एवं जनपद पंचायत क्षेत्रान्तर्गत एकता खेल प्रतियोगिताएं, ब्लॉक स्तर पर किसानों और कारीगरों की प्रदर्शनियां आयोजित करेंगे। जुलाई 2026 प्राचार्य शासकीय तिलक कॉलेज बाजपेई और जिला शिक्षा अधिकारी अग्रहरी एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत अंतरराज्यीय छात्र आदान-प्रदान शिविरों का आयोजन करेंगे। अगस्त 2026 में समस्त एसडीएम एवं जनपद पंचायतों के सीईओ को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया है।

# 3 वार्डों में कल से आयोजित होंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के वार्ड क्रमांक 3, 4 एवं 5 की चिन्हित अनाधिकृत, कालोनियों में नागरिक मूलभूत अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों के परिपेक्ष्य में नागरिकों को विकास शुल्क की जमा करने की सुविधा हेतु चिन्हित कालोनियों में 29 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम प्रशासन ने क्षेत्रीय नागरिकों से आयोजित शिविरों का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा इस संबंध ने जारी आदेश अनुसार अंशुमान सिंह, कार्यपालन यंत्री, कालोनी सेल अधिकारी के निर्देशन में शिविर आयोजन हेतु विशेष दल का गठन किया गया है।

#### शिविर स्थल एवं दल प्रभारी

वार्ड क्रमांक 3 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में पहरूआ स्कूल के पास शिविर आयोजन हेतु दल क्रमांक 1 का प्रभारी शैलेन्द्र प्यासी उपयंत्री की नियुक्त किया गया है।

इसी तरह इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 के शिवाजी नगर, बालाजी नगर शिविर आयोजन हेतु गठित दल क्रमांक 2 का प्रभारी श्री जे.पी. सिंह बघेल उपयंत्री को नियुक्त किया गया है। जबकि राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 के अहमदनगर हेतु दल क्रमांक 3 का प्रभारी श्री संजय मिश्रा उपयंत्री को नियुक्त किया जाकर प्रत्येक दल में पांच पांच सहयोगी सदस्यों की ड्यूटी लगाई जाकर गठित दल को क्षेत्रीय पार्षद गणों से समन्वय बनाकर कालोनियों में प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए है।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने लेखा शाखा के श्रीकांत तिवारी, अयोध्या प्रसाद केवट एवं अंबिकेश तिवारी को गठित दल से समन्वय स्थापित कर प्राप्त आवेदनों, दस्तावेजों का वैध की गई कालोनियों से खसरा मिलान करते हुए विकास शुल्क की डिमांड जारी करने एवं आवेदकों से जमा कराई जाने वाली राशि को नगर निगम के खातों में जमा कराने के निर्देश दिए है।

ज्ञातव्य हो कि म.प्र. नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के तहत अनाधिकृत, कालोनियों में नागरिक मूलभूत अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय नगर पालिक निगम निगम कटनी द्वारा 31 दिसंबर 2016 के पूर्व की चिन्हित अवैध कालोनियों के अभिन्यास, आदि का अंतिम प्रकाशन किया जाकर विकास शुल्क निर्धारित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अवकाश के दिनों में भी टैक्स काउंटर खोले

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार विगत दिवस आयोजित राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान दिए निर्देशों के परिपालन में वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष बचे दिवसों में नागरिकों को बकाया कर जमा करने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा अवकाश के दिन शनिवार को भी निगम का टैक्स काउंटर खोला जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने की सुविधा प्रदान की गई। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि निगम प्रशासन की इस पहल से करदाताओं को अतिरिक्त समय मिल सकेगा जिससे वे बिना किसी असुविधा के अपने संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य बकाया करों का भुगतान आसानी से कर सकेंगे। निगमायुक्त के निर्देशानुसार राजस्व वसूली को सुचारू रखने तथा अधिक से अधिक नागरिकों को कर भुगतान का अवसर देने हेतु यह व्यवस्था की गई। अवकाश के दिन टैक्स काउंटर खुलने से उन नागरिकों को विशेष राहत मिल रही है,जो कार्यदिवसों में समय नहीं निकाल पाते हैं। राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर रविवार को भी निगम का कैश काउंटर खुला रहेगा। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने बकाया करों का भुगतान कर निगम के विकास कार्यों में सहयोग करें।

### कामधेनु निवास के लिए भूमि चिन्हांकन के निर्देश

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी स्वावलंबी गौशालाओं (कामधेनु निवास) की स्थापना नीति 2025 के तहत जिले में निराश्रित गौवंश के पालन और सरंक्षण के लिये कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने-अपने अनुभाग में भूमि का चिन्हाकन कर उपलब्ध भूमि की जानकारी से निर्धारित प्रपत्र में 7 दिवस के अंदर अवगत कराने के निर्देश दिये हैं। स्वावलंबी गौशालाओं (कामधेनु निवास) की स्थापना की नीति 2025₹ के अनुसार न्यूनतम 5000 गौवंश के पालन हेतु 125 एकड़ तथा व्यवसायिक गतिविधियों हेतु 5 एकड़ भूमि सहित कुल 130 एकड़ भूमि अनुबंधित की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त प्रति 1000 गौवंश की वृद्धि पर 25 एकड़ अतिरिक्त भूमि प्रदाय की जा सकेगी। गौपालक संस्था द्वारा गौपालन, नस्ल सुधार, पंचगव्य, दुग्ध प्रसंस्करण, कृषि, चारा विकास, उद्यानिकी, उर्जा, जैविक खाद, आयुष तथा पर्यटन के क्षेत्रों में वाणिज्यिक गतिविधिया संचालित की जा सकेगी। जिले में कुल 16987 निराश्रित गौवंश हैं। इन निराश्रित गौवंशों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुये तथा शासन द्वारा जारी नीति के परिपालन में प्रत्येक अनुभाग में एक-एक स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना हेतु न्यूनतम 5000 गौवंश के पालन हेतु 130 एकड़ भूमि का चिन्हाकन करते हुये उपलब्ध भूमि की जानकारी 7 दिवस के अंदर चाही गई है।

### कैंप लगाकर मिशन मोड पर बनवाएं आयुष्मान कार्ड

**कटनी।** ग्रामीण क्षेत्रों में,आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड मिशन मोड पर कैंप लगाकर बनवाया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। सुश्री कौर ने समीक्षा करने के आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा के दौरान पाया कि जिले की प्रगति संतोषजनक नहीं है। सुश्री कौर ने ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम रोजगार सहायकों की आईडी क्रिएट कर प्रगति लाने तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयुष्मान कार्य की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा होगी। आयुष्मान कार्ड के छूट गए हितग्राहियों की सूची का पर्याप्त प्रचार प्रसार करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाएं। सुश्री कौर ने सीएमएचओ तथा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देशित किया है कि आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को ग्राम पंचायतों को आवश्यक सहयोग देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

---

## उपार्जन केन्द्र प्रभारी की मनमानी से आक्रोशित किसानों ने सौंपा ज्ञापन

# खरीदी केन्द्र में मनमानी : 41 किलो प्रति बोरी तौल, अलग से आधा किलो कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत बरही खरीदी केंद्र में खरीदी प्रभारी की मनमानी व तौल प्रक्रिया में गंभीर अनियमिताओं के आरोप सामने आये है। बरही सहित आसपास के गाँवों के दर्जन भर से अधिक किसानों ने खरीदी प्रभारी व वेयर हाउस संचालक के विरुद्ध की मनमानी को लेकर एसडीएम राकेश चौरसिया से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने सौंपी हुई शिकायत के माध्यम से बतलाया कि खरीदी केंद्र में किसानों की धान की तौल 41 किलो प्रति बोरी तौल करके 500 ग्राम धान अलग से ले रहे हैं और धान की तुलाई के लिए पल्लेदार मजदूरी का भी अलग से सात रुपए प्रति क्विंटल ले रहे हैं कुछ कहते है तो कहा जाता है कि यह खर्चा वेयरहाउस वाले वसूल रहे हैं।

किसानों ने यह भी आरोप लगाया है कि खरीदी केंद्र पर 41 किलो प्रति बोरी तौल की जा रही, वहीं वेयर हाउस में मात्र 30 से 35 किलो ही दर्ज की जा रही है जिसमें किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है।

किसानों ने एसडीएम को सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से शिकायतों की जांच निष्पक्ष तरीके से कराकर किसानो के हितो पर हो रहे आघात को तत्काल रोका जावे एवं किसानो से अवैध वसूली तथा वेयरहाउस में जो कम धान की तौल लिखाई जा रही है उसकी भी जांच करके किसानों से हो रही अवैध वसूली को तत्काल बन्द कराकर किसानो की धान की फसल की सही तुलाई एवं पूरी उपज को सही तरीके से तुलवाकर उनके खाते में राशि जमा कराई जाए।



इस दौरान किसान रमेश पटेल,दिनेश पटेल, उदयभान पटेल,गुमान सिंह, रूपचन्द्र पटेल, सुन्दरम पटेल,शुभभ पटेल एवं दीपचंद सेन,राजेश ,शंकर सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### जिले में अब तक 2.68 लाख एमटी से अधिक धान उपार्जित

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में शनिवार 27 दिसंबर तक कुल 32 हजार 27 कृषकों से अब तक 2 लाख 68 हजार 174 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 57 हजार 923 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 1 लाख 90 हजार 290 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 331.31 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

### धान उपार्जन में बहोरीबंद अग्रणी

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 6264किसानों से 54हजार 218मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 6082किसानों से 41हजार 616मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है। इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 4722किसानों से 35हजार 922मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि रीठी तहसील में 3419कृषकों से 32हजार 888मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक की स्थिति में 3786किसानों से 31हजार 571मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 2859किसानों से 26हजार 68मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।

---



## उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा दिया गया विद्यार्थियों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शिक्षा के साथ -साथ विद्यार्थी रोजगार स्थापित कर स्वालम्बी बनने की दिशा मे आत्मनिर्भर बन परिपक्व बनने की ओर कदम बढ़ाए तभी शिक्षा की सार्थकता सही होगी। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग महाविद्यालय स्तरों पर रोजगारनमुखी प्रशिक्षण समय-समय पर आयोजित करता है, जिससे विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रोजगार की ओर बढ़े।

उक्त बातें प्राचार्य डॉ इंद्रकुमार ठाकुर ने महाविद्यालय मै सम्पन्न हुए रोजगारन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम मै कही। बतलाया गया कि महाविद्यालय में अनुसूचित जाति के अध्ययनरत छात्र छात्राओं को एक रोजगारनमुखी प्रशिक्षण स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत दिया गया ।प्रशिक्षण जिला उद्योग व्यापार केंद्र के कार्यक्रम समन्वयक शकील अहमद ओर सार्थक सिंह के द्वारा दिया गया जिसमे व्यक्तित्व विकास ओर निर्माण विषय पर प्रशिक्षण छात्र-छात्राओ को दिया गया ।जिससे छात्र -छात्राये आगे चलकर स्वयं का रोजगार स्थापित कर स्वालम्बी बन सकते है।सेडमैप जिला समन्वयक शकील अहमद के द्वारा युवाओं को रोजगार/ स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गईं। इसके साथ ही रोजगार/ स्वरोजगार प्राप्त करने में सहयोग प्रदान किया गया । शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं छात्र- छात्राओं की भागीदारी उन्हें उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार को वैकल्पिक कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी ओर समाज में नवीन उद्यमियों को शासन की स्वरोजगार मूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त करेगी। साथ ही उद्यमी गुण,उद्योग व्यवसाय की स्थापना प्रक्रिया ,प्रोजेक्ट रिपोर्ट,शासकीय वित्त पोषित योजनाएं ,उद्यम क्रांति योजना,पीएमईजीपी योजना व लाभ के बारे मे बताया गया।

---

**जिपं उपाध्यक्ष ने चनेहटा चनेहटी में पशुपालकों को योजना की दी जानकारी**

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का लाभ उठा कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करें पशुपालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप प्रदेश के किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा कटनी जिले में 17 दिसम्बर से दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गांव-गांव जाकर पशुपालकों को राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।



### पशुपालकों को दी जानकारी

शनिवार 27 दिसम्बर को कटनी विकासखंड के ग्राम चनेहटा और चनेहटी में जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के मुख्य आतिथ्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालन विभाग में पदस्थ विटनरी एक्सटेंशन ऑफिसर डॉ दीक्षा लाड़े द्वारा पशुपालक मुन्नी लाल यादव और सूरज सिंह यादव को दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की जानकारी दी गई।

### बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन

पशुपालकों को बताया गया कि इन योजनाओं के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्य बनेगा। सरकार की मंशा है कि पशुपालक इस अभियान से जुड़कर न केवल दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करें वरन समय समय पर टीकाकरण करवाकर अपने पशुओ को सुरक्षित और स्वस्थ भी रखें। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि गाय हमारी पूजनीय है और इनके संरक्षण और संवर्धन कि दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की भी मंशा है कि पशुपालक सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करते हुए ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाएं। इस अवसर पर पशुपालक मुन्नालाल यादव सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

---

## वीर बालकों के जीवन पर नुक्कड़ नाटक की दी प्रस्तुति



प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में वीर बाल दिवस पर प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा वीर बालकों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई। नाटक के माध्यम से देश सेवा की विचारधारा को प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि श्री गुरु गोबिंद सिंह के युवा पुत्रों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की वीरता और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. वाजपेई ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के दोनों बच्चों के बलिदान को हमेशा हम भारतवासी याद रखेंगे और अपने कर्म के माध्यम से देश की रक्षा में सतत संलग्न रहेंगे, तभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री चंदन ने कहा कि वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के साहबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। इन दोनो वीर बच्चों ने मुगल शासक औरंगजेब के अत्याचारों का सामना करते हुए धर्म के लिए अपने प्राणों का परित्याग कर दिया। हमें हमेशा अपने राष्ट्र का सम्मान करना चाहिए। इनका बलिदान हमें यह संदेश देता है कि अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों का हमें धैर्य पूर्वक सामना करना चाहिए तथा दृढ़ होकर जीवन जीना चाहिए।

---

## बाकल चंडी मेला हुआ शुरू, संचालन को लेकर बैठक में बनाई गई रुपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

विकासखंड बहोरीबंद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाकल मे लगने वाला प्रसिद्ध दस दिवसीय चंडी मेला 27 दिसम्बर शनिवार से शुरू हो गया, जो 5 जनवरी 2026 तक चलेगा। बाकल चंडी मेला का सफल संचालन हो इसके लिए उपतहसील कार्यालय भवन मे बैठक हुई, जिसमें रुपरेखा बनी।

बैठक में थाना प्रभारी डीएसपी शिवा पाठक, तहसीलदार आकाश दीप नामदेव, राजकुमार नामदेव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा व्यापारी मौजूद रहे।इस मौके पर डीएसपी शिवा पाठक ने कहा कि मेले में किसी तरह कोई अव्यवस्था न हो उसके मद्देनजर अलग- अलग दुकानदारों को व्यवस्थित तरीके से



दुकानें आवंटित करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मेलों में अक्सर झूला झूलने के लिए लोगों की भीड़-भाड़ एकत्रित होती है। उनकी सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने झूला संचालक से झूले की फिटनेस प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने मेले में पार्किंग की सम्पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करने के निर्देश संबंधित मेले ठेकेदार को दिए हैं। साथ ही मेले के दौरान ग्राम पंचायत बाकल के सरपंच को निर्देशित किया है कि मौके पर फायर ब्रिगेड और मेडिकल स्टाफ को मौजूद रहने की हिदायत दी गई है। वहीं मेले में कंट्रोल रूम स्थापित करने के लिए रिक्त स्थान रखने के निर्देश दिए गए हैं।मेला मे आने वाले दूरदराज के व्यापारियों को कोई परेशानी न हो, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी मौजूद रहेगा।

---

**कबड्डी बालक वर्ग में तेवरी विद्यालय बना विजेता**

## सांसद खेल महोत्सव में विजयी हुए खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत लोकसभा प्रतियोगिता जिला पन्ना मे आयोजित हुई। खेलकूद प्रतियोगिता में समापन समारोह में बहोरीबंद विधानसभा अंतर्गत शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी के खिलाड़ियों ने परचम लहराया। विदित हो कि सांसद खेल महोत्सव दिनांक 25 नवम्बर से 25 दिसंबर 2025 तक आयोजित हुये। खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में पहले मंडल, विकासखंड, विधानसभा और अंत में संसदीय क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत जिला पन्ना में बहोरीबंद, मुड़वारा, विजयराघवगढ़, राजनगर, पवई, चंदला, पन्ना और गुनौर



विधानसभा की टीमों ने सहभागिता की थी जिसमें बहोरीबंद विधानसभा अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब जीते। विद्यालय के खेल प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि, रमसा प्रभारी अभय जैन, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाला, सांसद खेल नोडल प्रभारी प्रमोद डेहरिया के निर्देशन में सांसद खेल महोत्सव में U/19 बालक कबड्डी तेवरी विजेता रही।

बहोरीबंद विधानसभा अंतर्गत तेवरी विद्यालय की टीम क्वार्टर फाइनल में पवई को 28–09 से, सेमीफाइनल में मेजबान पन्ना को 21–11 से और फाइनल मैच में मुड़वारा (कटनी) को बेहद रोमांचक मैच में 10–09 से मात देकर विजयी हुई एवं तीन कुश्ती में खिलाड़ियों ने पदक जीते हैं।

तेवरी टीम जब पन्ना से वापिस लौटी तों विद्यालय में शनिवार को भव्य स्वागत टीम का किया गया!सम्मान समारोह में जनपद पंचायत सदस्य सिंघई कमलेश जैन ने विजेता टीम को रुपए 2100/– देने की घोषणा की।

### पुरस्कारों का वितरण

पन्ना में आयोजित कार्यक्रम में खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, बहोरीबंद विधानसभा विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी,सुनील उपाध्याय व मृदुल द्विवेदी की उपस्थिति में पुरस्कार का वितरण किया गया।

---

## निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बकाया वसूली पर प्राथमिकता से करें फोकस

# वसूली के कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगरनिगम की वित्तीय मजबूती के लिए राजस्व वसूली सर्वोपरि है, निर्धारित राजस्व लक्ष्यों को समय पर शत-प्रतिशत प्राप्त करनें के लिए बकाया करों की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाना प्रारंभ करें तथा चिन्हित बड़े बकायादारों पर नियमानुसार कार्यवाही करना भी सुनिश्चित करें। उक्त आशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें शुक्रवार को नगर निगम के एमआईसी हॉल मे आयोजित राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारी -कर्मचारियों को दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने बैठक के दौरान लोक अदालत की वसूली सहित दिसंबर माह की संपत्तिकर, जलकर, समेकित कर



सहित दुकान किराया, बाजार बैठकी सहित निगम के अन्य करों व प्रभारों की वसूली की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वसूली कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को प्रशंसा पत्र जारी करने तथा बाटम प्रदर्शन करने वालों पर नाराजगी व्यक्त की जाकर वसूली कार्य में तेजी लाने की सख्त चेतावनी दी गई।

निगमायुक्त ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष समय को दृष्टिगत रखते हुए वसूली कार्य मे गति लाते हुए निर्धारित टारगेट के अनुरूप वसूली की हिदायत राजस्व अमले को देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

निगमायुक्त नें राजस्व निरीक्षकों, उप निरीक्षकों, कर संग्रहक द्वारा वार्डवार वसूली की दैनिक प्रगति की समीक्षा के दौरान कम वसूली पाए जानें पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए रोजाना वार्डो में भ्रमण कर बकाया करदाताओं से घर-घर संपर्क कर बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा करानें की दिशा में सार्थक पहल करनें निर्देशित किया। उन्होंने बड़े व्यवसायिक कॉम्पलेक्स, सरकारी भवनों पर बकाया करों की राशि सख्ती से जमा करानें के निर्देश भी दिए।

समीक्षा बैठक में जलकर की वूसली की प्रगति की समीक्षा के दौरान कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की जाकर बड़े बकायादारों के नामों की सूची बनाकर उनकों बकाया राशि जमा करनें हेतु प्रेरित करनें तथा राशि जमा नहीं करनें पर नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही प्रस्तावित करनें के निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त नें बाजार बैठकी, बाजार शाखा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी घटक के हितग्राहियों की जाने वाली वूसली की समीक्षा की जाकर कार्य में प्रगति लानें के निर्देश दिए। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति एवं शेष दिनों में नागरिकों को बकाया करो को जमा करने की सुविधा प्रदान करने 31 मार्च 2026 तक अवकाश के दिनों में भी नगर निगम कार्यालय में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक कैश काउंटर खुला रखने के निर्देश राजस्व अमले को दिए गए।

समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, उप राजस्व अधिकारी सागर नायक अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह सहित जल प्रदाय विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## फार्मर आईडी नहीं बनवाने पर नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा एग्रीस्टैंक योजनांतर्गत फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर फार्मर आईडी बनाने का कार्य किया जा रहा है। शासन के नियमों के तहत भू-स्वामियों को फार्मर आईडी बनवाना जरूरी है। फार्मर आईडी न बनवाने पर किसानों को भविष्य में उर्वरक प्राप्त करने और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा। इसी तरह फसल बीमा योजना, कृषि अनुदान, बीज एवं उर्वरक सब्सिडी से किसान वंचित हो जायेंगे। इसी प्रकार प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि, सूखा अथवा ओलावृष्टि की स्थिति में मुआवजा प्राप्त करने में किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) एवं अन्य बैंकिंग सुविधाओं में बाधा होगी और भविष्य में लागू होने वाली किसान हितैषी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाएगा।

कृषक अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र (सीएससी), पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय और पटवारी से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज (आधार कार्ड, भूमि अभिलेख, मोबाईल आदि) के साथ अपनी फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले के सभी कृषकों से शीघ्रातिशीघ्र अपनी फार्मर आईडी अनिवार्य रुप से बनवाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा और पोषण पर सख्त निगरानी

**बड़ामलहरा।** अनुविभाग में प्रशासनिक सख्ती और जवाबदेही का स्पष्ट संदेश देते हुए आयुष जैन द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला राजापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यार्थियों को परोसे जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की गहन जांच की और भोजन की स्वच्छता, स्वाद एवं पोषण मानकों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री जैन ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया, उनकी पढ़ाई की प्रगति जानी तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित मूल्यांकन और बच्चों की सहभागिता बढ़ाने के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षक-छात्र उपस्थिति रजिस्टर की भी जांच की और समयपालन व नियमितता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसडीएम ने कहा कि बच्चों का पोषण और शिक्षा दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार बनाए रखें और शिक्षण कार्य में नवाचार अपनाएं, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

### निर्वाचन क्षेत्रों में 29 दिसंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप-निवार्चन 2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान एवं विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोराकला के सरपंच पद का निर्वाचन एवं विकासखण्ड पटेरा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के अंतर्गत आने वाली 30 ग्राम पंचायतों हेतु 29 दिसम्बर दिन सोमवार को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने बताया 29 दिसम्बर दिन सोमवार को केवल संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों जिला पंचायत क्षेत्र कमांक-10 कुम्हारी के अंतर्गत आने वाली 30 ग्राम पंचायते एवं विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान एवं विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोरा कला के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से खेत जा रहे युवक की मौत

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार की देर शाम तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार रीतेश पिता सीने सिंह लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी पौड़ी थाना तारादेही है जो कि गुरुवार की शाम को घर से पैदल अपने खेत जा रहा था। उसी समय रास्ते में किसी वाहन द्वारा युवक की टक्कर मार दी जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना राहगीरों द्वारा तारादेही पुलिस को दी गई। साथ ही परिजनों को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर शुक्रवार की सुबह युवक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। परिजनों द्वारा बताया गया रीतेश देर शाम खाना खाकर पैदल अपने खेत जा रहा था लेकिन जेतगढ और पौड़ी के बीच किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

**दमोह।** एमपी राज्यर निर्वाचन आयोग की नई तैयारी, पेपरलेस इलेक्शन की आई बारी के संदेश के साथ आयोग की ब्रांड एम्बेरसेडर सारिका घारू ने दमोह में कराये जा रहे पेपरलेस उपनिर्वाचन के फायदों को आम मतदाताओं को बताया । मतदाताओं के डिजिटल बूथ के फायदे के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है। सारिका ने बताया कि सोमवार 29 दिसंबर को होने जा रहे पंचायत के उपनिर्वाचन में दमोह के मतदाता रिकार्ड मतदान करने का संकल्प ले रहे हैं ।

## 4 जनवरी से होगा आयोजन, प्लेयर ऑक्शन संपन्न

# तेंदूखेड़ा प्रीमियर लीग टीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा







नगर में क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बार फिर उत्साह और रोमांच का माहौल बनने जा रहा है। पिछले वर्ष की अपार सफलता के बाद इस वर्ष भी प्रीमियर लीग टीपीएल 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में तथा सत्येंद्र सिंह लोधी एवं नितेंद्र सिंह लोधी के संरक्षण में संपन्न होगा। टीपीएल 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 04 जनवरी 2026 को उत्कृष्ट विद्यालय, तेंदूखेड़ा के मैदान में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पूर्व जनपद पंचायत के सभा कक्ष में खिलाड़ियों के चयन हेतु प्लेयर ऑक्शन का आयोजन किया गया। इस प्लेयर ऑक्शन में कुल 24 टीमों ने भाग लिया, जिनके लिए लगभग 320 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया। ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों को विभिन्न टीमों में शामिल किया गया। जो खिलाड़ी ऑक्शन प्रक्रिया में चयनित नहीं हो पाए, उन्हें बाद में पर्ची सिस्टम के माध्यम से 24 टीमों में समान रूप से विभाजित किया जाएगा, जिससे सभी खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिल सके। टीपीएल के संरक्षक नितेंद्र सिंह लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रीमियर लीग 2026 का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आयोजन समिति के सदस्य सत्यम जैन ने बताया कि टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 75,000 नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 41,000 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर भी खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार दिए जाने की योजना है।टीपीएल 2026 को लेकर खिलाड़ियों, टीम प्रबंधकों एवं खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने सफल एवं अनुशासित आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी हैं। यह टूर्नामेंट निश्चित रूप से तेंदूखेड़ा क्षेत्र में खेल इतिहास का एक यादगार अध्याय साबित होगा।

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए चल रही विभिन्न योजनाएं

# दुग्ध उत्पादन को दोगुना करना प्रमुख लक्ष्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान योजना के तहत द्वितीय चरण में स्थानीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी जबेरा के नजदीकी ग्राम घाना मैली पहुंचे जहां पर उन्होंने कृषक भूपत सिंह लोधी की गाय को गुड रोटी खिलाकर के दुग्ध समृद्धि योजना की जानकारी लेते हुए पशुपालको से चर्चा करते हुए मध्य प्रदेश शासन की दुग्ध उत्पादन को दुगना करने की मंशा से अवगत कराया। विदित हो कि प्रदेश में पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान द्वितीय चरण के तहत पशुपालकों के घर पहुंच कर के पशुपालकों को पशु पोषण ,पशु स्वास्थ्य एवं कृत्रिम गर्भाधान की विभाग द्वारा संचालित वैज्ञानिक तकनीकियों का उपयोग कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए गाय /भैंस मैं उन्नत किस्म का बीज डलवा कर के उन्नत नस्ल की बछड़ी पैदा करने हेतु पशुपालकों से आवाहन किया जा रहा है। इस दौरान राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं चल रही है जिसमें दुग्ध उत्पादन को दुगना करना प्रमुख है किसानों को दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए 17 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का दूसरा चरण संचालित किया जा रहा है जिसमें पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान से नस्ल उत्पादन, संतुलित पशु आहार, एवं टीकाकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही किसानों को दूध का उचित मूल्य प्राप्त हो सके इस और भी सरकार भरसक प्रयास कर रही है। जिसके लिए सरकारी समितियो का गठन किया जा रहा है जिससे उत्पादित दूध का किसानों को उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

# बाल संरक्षण समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया



बाल विवाह को रोकने भारत सरकार व्दारा संचालित 100 दिवसीय अभियान को सफल बनाने संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह के बैनर तले एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत ग्राम पंचायत भवन भैसा मे एक दिवसीय पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत भैसा, सर्रा, कुदपुरा, बोरिया, सेहरी के बाल संरक्षण समितियों के सभी सरपंचों, सचिवों, रोजगार सहायकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, शाला प्रमुखों, चयनित बच्चों, पंचगणों, गणमान्य-जनों आदि पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रशिक्षक देवेन्द्र दुबे, सुजात खान, प्रतिभा सिंह, रितु विश्वकर्मा व्दारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी जैसी गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने कानून सम्मत प्रशिक्षण दिया गया। सभी सदस्यों को बाल विवाह रोकने 27 नवबंर 2025 से आगामी 08 मार्च 2026 तक चलाये जा भारत सरकार के 100 दिवसीय अभियान के बारे मे विस्तार से समझाया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने अभियान को सफल बनाने मे सहयोग का यकीन दिलाया। प्रशिक्षण शिविर के अंत मे सरपंच जगन आदिवासी ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

# युवा मोर्चा ने चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

### वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने साहिबजादों एवं अटल बिहारी वाजपेयी का किया चित्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा युवा मोर्चा दमोह द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में ₹चित्रकला प्रतियोगिता₹ का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने श्रद्धेय साहिबजादों एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का चित्रण किया जिसमें प्रथम मनोज विश्वकर्मा, द्वितीय खुशी ,तृतीय भाग्यश्री ठाकुर को शील्ड, मैडल एवं सभी प्रतिभागियों मैडल से सम्मानित किया गया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्राचार्य आरपी पटेल , जिला मंत्री भरत यादव , सोशल मीडिया प्रभारी संदीप शर्मा, अभियान जिला प्रभारी महेंद्र राठौर, सह प्रभारी शिवेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। सभी ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज देशभर में वीर बाल दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबज़ादों साहिबज़ादा ज़ोरावर सिंह और साहिबज़ादा फतेह सिंह के अद्वितीय साहस और बलिदान की स्मृति में समर्पित है। हम सभी माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आभारी हैं कि उन्होंने प्रतिवर्ष वीर बाल दिवस मनाने का निर्माण लिया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन प्रतियोगिता प्रभारी कृष्णा पटैल ने किया, प्रस्तावना जिला प्रभारी महेन्द्र राठौर ने रखी एवं आभार आलोक मुखरैया ने व्यक्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता प्रभारी कृष्णा पटैल, आलोक मुखरैया, उदित सोनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस दौरान शिक्षक मनीष कुमार नेमा, राजुल चौरहा, वैभव पटेल, विधान पाराशर, आलोक चौबे सहित विद्यालय प्रबंधन एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# समाधान योजना की कम प्रगति को गंभीर मानते हुए अंतिम समय-सीमा 31 दिसम्बर तक

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को अधीक्षण अभियंता अमित चैहान दमोह वृत्त द्वारा तेंदूखेड़ा और तारादेही वितरण केंद्र की समीक्षा की गई। जिसमें समाधान योजना के तहत सरचार्ज माफी के बाद बिल जमा कराने में दोनों वितरण केंद्र की कम प्रगति पर अभियंता महोदय ने तीखी नाराजगी जताई। सभी कर्मचारियों को स्पष्ट लक्ष्य दिया गया कि प्रतिदिन प्रत्येक टीम कम से कम 40 उपभोक्ताओ से संपर्क कर 20 उपभोक्ताओं सें बिल समाधान योजना में जमा कराया जाए, अन्यथा कार्रवाई सुनिश्चित है। समाधान योजना की कम प्रगति को गंभीर मानते हुए अंतिम समय-सीमा 31 दिसम्बर 2025 तय की गई। इस तिथि तक लक्ष्य पूर्ण न करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। अस्थायी पंप कनेक्शन में लापरवाही पर चेतावनी अस्थायी पंप कनेक्शन की कम प्रगति को गंभीर मानते हुए लक्ष्य प्राप्ति की अंतिम समय-सीमा 31 दिसम्बर 2025 तय की गई। बिलिंग एफिशिएंसी में वृद्धि करने और सुधार करने के लिए अस्थाई पम्प मोटर को चेक करके मोटर की छमता एचपी बार और 6 महीने के कनेक्शन जारी किए जाये साथ ही आदेशित किया यदि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भेजी गई टीम में कोई भी अनामियतता पायी तो पंचनामा तैयार कर कार्यवाही की जावेगी। सीएम हेल्पलाइन और 1912 में दर्ज शिकायतो का निराकरण समय सीमा में किया जाये। शिकायतो का 100 प्रतिशत संतुष्टि पूर्ण निराकरण किया जाये गत माह की सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में सुधार दिखना चाहिए। धरती आभा के पात्र उपभोक्ता, सरकारी स्कूलों के कनेक्शन की प्रगति पर नाराजगी व्यक्ति की गई और निर्देशित किया कि धरती आभा में पात्र उपभोक्ताओ और सूची अनुसार ही कार्य कराया जाये। समीक्षा के दौरान सहायक अभियंता तेंदूखेड़ा वितरण केंद्र के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।




## नौगांव मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक, 2 जनवरी से होगा भव्य शुभारंभ

**नौगांव।** नौगांव मेला महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर नगर पालिका परिषद ने शनिवार को टाउन हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष ने की, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी और परिषद सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक में एसडीएम जीएस पटेल, एसडीओपी अमित मेश्राम, थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे, तहसीलदार, नगर पालिका सीएमओ, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष तथा सभी पार्षद उपस्थित रहे। चर्चा का मुख्य फोकस क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल जैसी खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर रहा।
सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मेला प्रांगण में लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया गया। यातायात प्रबंधन के लिए एसडीओपी और थाना प्रभारी से विचार-विमर्श कर अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई तथा ट्रैफिक डायवर्जन की योजना तैयार की गई। झूलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा व्यवस्था अनिवार्य की गई। साथ ही पिछले वर्ष की तरह इस बार भी झूलों की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी, जिससे आमजन को राहत मिलेगी।

## छात्र छात्राओं ने की महाविद्यालय परिसर की सफाई

**जबेरा।** शनिवार को शासकीय स्नातकमहाविद्यालय जबेरा में नियमित गतिविधियों के अंतर्गत परिसर की साफसफाई जेसीबी मशीन के द्वारा कराई गई। एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं के द्वारा कचरे का संग्रह किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्राचार्य महोदय डॉ.कमल चौरसिया जो कि पूर्व एनएसएस जिला संगठन में रही हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को एनएसएस के प्रेरणा गीत सिखाए तथा श्रम के महत्व को बताया एवं समाज के बीच में जाकर कैसे काम किया जाता है। इसके बारे में बताया जिसमें मोहित पाण्डेय, कार्यक्रम प्रभारी, डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ. भारती कपूर, सहत एनएसएस वरिष्ठ स्वयंसेवक अनामिका राय ने बताया कि आज सभी छात्राओं ने परिसर की सफाई की जिसमें पॉलिथीन, प्लास्टिक बोतल और झाड़ियों की साफसफाई की महाविद्यालय के द्वारा सभी स्वयंसेवकों को जल पान की व्यवस्था की गई जिसमें सभी स्वयंसेवक की उपस्थिति रही।

# जिला न्यायालय में अस्सी लाख का अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जिला में लगातार दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, हर वर्ष सेंकड़ों लोग वाहन दुर्घटना में जान गंवा रहे है, जिला न्यायधीश अमर गोयल ने दुर्घटना के मामले ने महत्त्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए दुर्घटना मृत व्यक्ति परिजनों को 80 लाख 47 हज़ार 165 रुपये का मुआवजा दिलाया है। आवेदक के अधिवक्ता मुकेश पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय लिपिक रामकुमार पाटकर अपनी मोटर साइकिल से शासकीय कार्य भ्रमण पर गया था जब वह ड्यूटी कर वापिस दमोह लौट रहा था मारूताल के पास पहुँचा कि तभी पीछे से आ रही मोटर साइकिल के चालक दीपक अहिरवार ने मोटर साइकिल को तेज उपेक्षा एवं लापरवाही से चलाकर लिपिक की मोटर साइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसे सिर में गंभीर चोट आई थी,जबलपुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों की ओर से प्रतिकार पाने दावा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। श्री पांडेय अधिवक्ता ने बताया कि मामले में विशेष बात यह रही कि न्यायालय में बीमा और वाहन चालक व वाहन स्वामी ने प्रकरण की एफआईआर घटना दिनाँक से करीब एक माह विलंब से लेख होने से किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित होने के तथ्य से इंकार किया था और दावा खारिज करने की प्रार्थना की थी, तर्क के दौरान आवेदक के अधिवक्ता ने एफआईआर लेख होने में विलंब का संतोषजनक समाधान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जिससे सहमत होकर न्यायालय द्वारा आवेदक का दावा प्रमाणित माना और उनके पक्ष में 80 लाख 47 हज़ार 165 रुपये का अवार्ड पारित किया है। उक्त राशि बीमा कंपनी को एक माह के प्रदान करनी होगी।

## सफाई कर्मचारियों की चार दिवसीय हड़ताल समाप्त

# सभी मांगें पूरी होने पर काम पर लौटे कर्मचारी

छतरपुर।



सटई नगर परिषद में पिछले चार दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष आदित्य वाल्मीकि के नेतृत्व में सफलतापूर्वक समाप्त हो गई। कर्मचारियों की सभी प्रमुख मांगें पूरी होने के बाद उन्होंने कार्य पर लौटकर नगर की सफाई व्यवस्था बहाल कर दी।

हड़ताल 23 दिसंबर से शुरू हुई थी। सफाई कर्मचारियों की मुख्य मांगें थीं— वेतन विसंगति दूर कर 1 से 10 तारीख के बीच वेतन भुगतान सुनिश्चित करना, एरियर का भुगतान, नव-नियुक्त कर्मचारियों को कलेक्टर दर से वेतन तथा ईएसआई की राशि का समायोजन।

हड़ताल की सूचना मिलते ही जिलाध्यक्ष आदित्य वाल्मीकि सटई पहुंचे और नगर पालिका अध्यक्ष पति राजेश शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार सैनी तथा कर्मचारियों के प्रतिनिधियों सोनू वाल्मीक, कमलेश वाल्मीक, पम्मू, जितेंद्र अहिरवार, मनीष अहिरवार सहित सभी सफाई कर्मचारियों के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक में कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुना गया और तत्काल लिखित रूप में सभी मांगें पूरी करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा दो कर्मचारियों को मूल ड्राइवर पद पर पदस्थ किया गया तथा एक कर्मचारी को सफाई सुपरवाइजर का प्रभार सौंपा गया।

## एक्सपोजर विजिट प्रोग्राम के तहत छात्राओं को कराया भ्रमण




दमोह। शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो के अंतर्गत गठित स्टैंडर्ड क्लब के विद्यार्थियों को दिनांक 26 दिसंबर 2025 में एक्सपोजर विजिट प्रोग्राम के तहत के के पाइप्स लिमिटेड,ग्राम पिपरिया नायक, दमोह का भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण मानक ब्यूरो( बी.आई.एस भोपाल). के एक्सपोजर विजिट के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। महाविद्यालय के संरक्षक प्राचार्य डॉ. जी.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में डॉ. प्रणव मिश्रा मेंटर बी.आई.एस. और डॉ.आराधना श्रीवास द्वारा छात्राओं को ले जाया गया जहां प्रभारी अभय सचदेव एवं इंजी. जयराम पटेल द्वारा मानक अनुरूप ड्रिप इरीगेशन हेतु पी वी सी पाइप्स के निर्माण की विधि, गुणवत्ता जांच ,उसकी पैकेजिंग एवं मार्केटिंग पर छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ में सचदेवा नर्सरी में अभय सचदेव द्वारा टिश्यू कल्चर एवं नर्सरी से संबंधित मानकों की भी जानकारी दी गई। बी आई एस क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा आवागमन और जलपान की व्यवस्था की गई।

# उन्नत नस्लों को अपनाने से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के साथ पशुपालकों की आय भी बढ़ेगी-संभागायुक्त

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान द्वितीय के तहत संभागायुक्त और कलेक्टर पहुंचे हरपालपुरा कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संभागायुक्त अनिल सुचारी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के साथ जिले के पटेरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम हरपालपुरा पहुंचे और पशुपालकों से संवाद करते हुये ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक देशी दुघारू पशुओं के स्थान पर 'मुर्रा' नस्ल की भैंस और 'साहीवाल' नस्ल की गाय जैसी उन्नत नस्लों को अपनाने से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के साथ पशुपालकों की आय भी बढ़ाई जा सकती है। संभागायुक्त श्री सुचारी ने पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और उत्पादन क्षमता के लिए संतुलित आहार को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने पशुओं के खान-पान में मक्का एवं दानेदार पशु आहार को शामिल करने की सलाह देते हुए कहा कि उचित पोषण से पशु स्वस्थ रहते हैं और दूध उत्पादन में निरंतरता बनी रहती है। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक पद्धतियों से पशुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए विभागीय स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पशुपालकों से कहा पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1962 जारी किया गया है। इस नंबर पर कॉल कर पशुपालक अपने घर पर ही पशु चिकित्सा एम्बुलेंस सेवा बुला सकते हैं, जो पशुओं के इलाज, दवाइयों एवं विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा प्रदान करती है। उन्होंने कहा शासन द्वारा दुग्ध समृद्धि योजना संचालित की जा रही है। इसी उद्देश्य से वे पशुपालकों से संपर्क कर उन्हें नस्ल सुधार, टीकाकरण एवं संतुलित पोषण की जानकारी देने पहुंचे हैं,, ताकि पशुओं से अधिक दूध उत्पादन कर सकें, जिससे पशुपालकों की आय में वृद्धि हो और उनके जीवन स्तर में सुधार आये। संभागयुक्त श्री सुचारी ने दुग्ध समृद्धि अभियान की चर्चा करते हुए पशुपालकों से पोषण, नस्ल सुधार, टीकाकरण पर चर्चा की और कहा इसे समझे और अपनायें। संभागयुक्त ने नस्ल सुधार के संबंध में भी बताया। उन्होने कहा न्यून फीस लेकर ए.आई से कृत्रिम गर्भाधान कराया जाता है, देशी नस्ल से हमें साहीवाल और मुर्रा पर परिवर्तन करना है, इन प्रजातियों से अधिक दूध उत्पादन भी मिलेगा।

#### ग्रामीणों से जानी जमीनी हकीकत

संभागायुक्त श्री सुचारी ने ग्रामीणों से चर्चा की और समस्याए सुनी। स्कूल में पढ़ाई, मध्यान्ह भोजन और उचित मूल्य दुकान से मिलने वाले राशन की वस्तु स्थिति जानी। सभी बातों पर ग्रामवासियों ने सकारात्मक जवाब दिया। संभागायुक्त ने ग्रामवासियों से मध्यान्ह भोजन की चर्चा करते हुए कहा बच्चों कों पौष्टिक आहार मिले।

#### कलेक्टर ने अतिक्रमण हटानें के निर्देश

कलेक्टर श्री कोचर ने ग्रामवासियों की क्रिकेट ग्राउण्ड और गौशाला के लिए जमीन की मांग पर तहसीलदार से कहा जमीन चिंहाकन किया जाये, ग्रामीणों ने भूमी अतिक्रमण की बात रखने पर तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

# बुआ भतीजी ने मिलकर रची शादी के नाम पर ठगी की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेजगढ़ थाना अंतर्गत इमलिया चौकी क्षेत्र में 6 दिसंबर को सामने आए लुटेरी दुल्हन के मामले में चौंकाने वाले तथ्य सामने आया है। इस प्रकरण में बुआ-भतीजी की जोड़ी ने मिलकर शादी के नाम पर सुनियोजित ठगी की वारदात को अंजाम दिया। जबलपुर निवासी आरोपी मुस्कान उर्फ कृतिका जैन और उसकी बुआ पुष्पा जैन पर मनका निवासी युवक से लाखों रुपए की ठगी करने का आरोप है। इमलिया पुलिस के अनुसार निवासी युवक की शादी मुस्कान उर्फ कृतिका जैन से तय कराई गई थी। शादी के नाम पर आरोपी महिलाओं ने युवक और उसके परिजन का विश्वास जीतकर 5 लाख 30 हजार रुपए नगद और लगभग 5 लाख 30 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर ले लिए। इस साजिश में 5 लोग शामिल थे। इधर शादी के कुछ समय बाद ही दुल्हन अपनी बुआ के साथ जेवरात लेकर मायके जाने का बहाना बनाकर फरार हो गई और फिर वापस नहीं लौटी पीड़ित की शिकायत पर तेजगढ़ थाना अंतर्गत इमलिया चौकी में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी बुआ-भतीजी पहले भी इसी तरह की ठगी के मामलों में शामिल रही हैं और उज्जैन जिले में भी शादी के नाम पर धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद थीं। दमोह जिले के प्रकरण में न्यायिक प्रक्रिया के तहत दोनों आरोपियों को उज्जैन जेल से जेल वारंट के माध्यम से शुक्रवार को तेंदूखेड़ा न्यायालय में पेश किया गया। पेशी के दौरान न्यायालय ने दोनों को पुनः जेल वारंट जारी करते हुए वापस उज्जैन जेल भेजने के आदेश दिए पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह पूरा मामला एक संगठित ठगी गिरोह से जुड़ा हो सकता है। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस तरह की ठगी के और कितने मामलों को उन्होंने अंजाम दिया है साथ ही अन्य संभावित पीड़ितों से भी संपर्क किया जा रहा है जहां पुलिस और जांच पड़ताल कर रही है।

### लुटेरी दुल्हन का खुलासा-तेंदूखेड़ा न्यायालय में पुलिस ने किया पेश-जेल भेजने के आदेश

# दो ट्रकों की जोरदार भिड़ंत, तेज रफ्तार का कहर



**जबेरा।** बाईपास पर शनिवार की सुबह-सुबह एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर सामने आया है जहां पर दो ट्रकों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई है भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों का सामने का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी प्राप्त हुई है कि एक ट्रक दमोह से सीमेंट लेकर के सिहोरा जा रहा था जबकि सामने से आने वाला ट्रक पोड़ी केंद्र से उपार्जित धान लेकर के भंडारण केंद्र जा रहा था की जबेरा बाईपास पर दोनों ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जहां पर सीमेंट ले जा रहे ट्रक के ड्राइवर ने बताया कि सामने से तेज रफ्तार में ट्रक आ रहा था तो मैने अपने ट्रक को साइड में लगा लिया परंतु सामने से आने वाले ट्रक के ड्राइवर ने सामने से ट्रक भिड़ा दिया। सीमेंट ले जा रहे ड्राइवर का नाम उधम सिंह निवासी खिरिया जिला सागर बताया जा रहा है जिसे मामूली चोटे आई है जिनको उपचार के लिए स्टाफ सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरामें भर्ती कराया गया है वही धान ले जाने वाले ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार बताया जाता है।

# संभागायुक्त ने बेबस सुनार–2 के कार्यों का किया संयुक्त निरीक्षण

*कार्य की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की, फर्म को टीम बढ़ाकर कार्य समय सीमा में पूर्ण करने निर्देश दिये*

**दमोह।** संभागायुक्त सागर संभाग श्री अनिल सुचारी ने कलेक्टीर सुधीर कुमार कोचर के साथ जिले की पथरिया विकासखण्ड अंतर्गत सीतानगर के समूह जलप्रदाय योजना बेबस सुनार–2 के कार्यो का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री सुचारी ने प्रगतिरत इंटेकवेल, जल शोधन संयंत्र एवं उच्च स्तरीय टंकी का निरीक्षण किया। इस जलप्रदाय योजना से दमोह, हटा, बटियागढ़ और पथरिया के ग्रामों को लाभ मिलेगा। संभाग आयुक्त श्री सुचारी ने कार्य की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं संबंधित फर्म को टीम बढ़ाकर कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने निर्देश दिये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संबंधित फर्म के विरुद्ध कार्यवाही करने निर्देश दिए । भ्रमण के दौरान महाप्रबंधक जल निगम गौरव सराफ एवं प्रबंधक जल निगम शशांक शेखर तिवारी के साथ फर्म व थर्ड पार्टी एजेंसी का स्टाफ उपस्थित रहा।



# पियर लीडर प्रशिक्षण का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

महिला एवं बाल विकास परियोजना पटेरा तथा अंतरा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में मातृ सहयोगिनी समिति की बैठकों के संदर्भ में चिन्हित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु पियर लीडर प्रशिक्षण का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम परियोजना अधिकारी अनिल जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें ग्राम स्तर पर नियमित रूप से मातृ सहयोगिनी समिति की बैठकों के आयोजन हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। प्रस्तावित बैठकों के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, किशोरी बालिकाओं तथा शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित विषयों पर चर्चा एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा साथ ही सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अंतरा फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से ग्राम स्तर पर बैठकों के आयोजन हेतु सक्षम बनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य जांच, आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियों का वितरण तथा किशोरी बालिकाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श सुनिश्चित किया जाएगा। चिन्हित पियर लीडर्स के सहयोग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मातृ सहयोगिनी समिति की बैठकों का नियमित आयोजन करेंगी तथा अधिक से अधिक लाभार्थियों तक स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित संदेशों का प्रभावी प्रसार सुनिश्चित करेंगी।

# रोड़ नहीं तो वोट नहीं पर अड़े आदिवासी

### सड़क विहीन घोघरा गांव के आदिवासीयों ने चुनाव का बहिष्कार करने एसडीम कलेक्टर को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

अनुविभागीय हटा क्षेत्र के जनपद पटेरा की ग्राम पंचायत गाड़ाघाट अंतर्गत आने वाले आदिवासी ग्राम घोघरा मैं सड़क न होने से परेशान ग्रामीणों ने आगामी दिनों में होने वाले जिला पंचायत सदस्य के चुनाव का बहिष्कार करने शनिवार को हटा एसडीएम एवं कलेक्टर को सैकड़ो हस्ताक्षर युक्त लिखित शिकायत की गई। । ग्रामवासियों ने उक्त आशय का आवेदन पत्र स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि हजारी यादव को दिया जिन्होने बताया कि उक्त आवेदन पत्र वह हटा एडीएम को दे आये है व कलेक्टर महोदय के यहां भी भेज दिया है। ज्ञापन में उल्लेख कर बताया गया कि हमारे गांव घोघरा में आज तक कोई सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिला है। ग्राम में आने जाने के लिए कोई सड़क सुविधा नहीं है, हम लोग कई वर्षों से शासन प्रशासन से सड़क की मांग करते आ रहे हैं किंतु हम आदिवासियों की कोई सुनवाई नहीं की गई जिससे बरसात में हम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे हम सभी आदिवासी लोग आगामी 29 दिसंबर को होने वाले जिला पंचायत सदस्य के चुनाव का बहिष्कार करेंगे और कोई भी मतदाता वोट डालने नहीं जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

शिकायत करने वालों में प्रताप सींग, सरजू सींग, गुलाब सींग, तरवर लखन, अशोक, बहादुर, लाल सींग, सज्जन सींग, सूरतसींग, हल्के सींग, शिवराज, जालम सींग, मनीषा, सविता, प्रेम रानी, प्रेमलता सहित अन्य लोगों ने शिकायत की।

# एसआईआर प्रक्रिया के तहत दावे, आपत्तियों की सुनवाई जारी

**दमोह।** संभागायुक्त अनिल सुचारी शाम तहसील कार्यालय दमोह पहुंचे, उन्होंने यहां पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत की जानी वाली कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली, यहां पर मौजूद एसडीएम आर.एल बागरी और तहसीलदार रोबिन जैन ने पूरी जानकारी दी। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया एसआईआर के अंतर्गत संबंधित मामलों में नोटिस जारी किए गए हैं तथा दावे एवं आपत्तियों की सुनवाई की कार्यवाही जारी है। इस संपूर्ण प्रक्रिया का संभागायुक्त अनिल सुचारी ने रोल ऑब्जर्वर के रूप में अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दावे-आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं नियमानुसार संपादित करने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# खुले पड़े कुएं में गिरा बछड़ा

### ग्रामीणों की मदद से निकाला बाहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

हरिभूमि द्वारा बार-बार समाचार प्रकाशित करने के बाद भी खुले पड़े कुएं को जाल से नहीं ढकना आखिरकार दुर्घटना का कारण बन गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के बस स्टैंड बंजारी चौक दमोह पन्ना मेन रोड किनारे खुले पड़े हुए कुएं में कल शुक्रवार की रात्रि करीब 9:00 बजे एक गाय का बछड़ा कुएं में गिर गया। यह गनीमत रही की ग्रामीण जनों के अथक प्रयास एवं सूझबूझ से बछड़े को रस्सी से बांधकर कुएं से बाहर निकल कर बछड़े की जान बचाई। ग्राम के आशीष नगरिया अन्नू जैन मुकेश गुप्ता नेतार नगरिया सहित अन्य लोगों ने बछड़े को कुएं से बाहर निकाला ज्ञात हो की हरिभूमि ने कई बार खुला पड़ा कुआं दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण नामक शीर्षक देकर समाचार प्रकाशित किया था। इसके बावजूद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। यदि समय रहते पंचायत प्रशासन द्वारा खुले पड़े कुएं को ढक दिया होता तो यह बछड़ा कुएं में नहीं गिरता ग्रामीण जनों ने खुले पड़े कुएं को शीघ्र ही ढाके जाने की मांग की है।

# विद्युत मोटर चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

पटेरा। पटेरा पुलिस ने विद्युत मोटर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त की है। थाना पटेरा में दिनाँक 25 नवंबर 2025 को ग्राम राजाबंदी से किसान राजू पटैल के खेत से सिचाई बाली विधुत मोटर चोरी हुई थी जिसमें अज्ञात आरोपी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जो दिनाँक 27 दिसंबर 2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी उनि धर्मेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में टीम के द्वारा मुखबिर के बताये स्थान हटा तिगड्डा से विधुत मोटर बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार किया जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया एवं आरोपी हग्गा उर्फ दमलेश आदिवासी पिता नज्जू सरपंच आदिवासी उम्र 28 साल के द्वारा चोरी की हुई सिचाई बाली विधुत मोटर कीमती 16000 रू की जप्त कर कब्जा पुलिस लिया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर मान. न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही करने वालों में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर थाना प्रभारी पटेरा, सउनि दिलीप सिंह, प्रआर. प्रमोद चौबे आर. बालमुकुन्द, आरक्षक नीतेश सिलाबट, का सहयोग रहा।

# संभागायुक्त श्री सुचारी पहुंचे पटेरा

### मछुआ सहकारी समिति से किया संवाद, सिंघाड़ा व मछली उत्पादन की ली जानकारी



**दमोह।** संभागायुक्त अनिल सुचारी आज शाम 4 बजे पटेरा पहुंचे, जहां उन्होंने मछली पालन एवं सिंघाड़ा उत्पादन कर रही मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने समिति सदस्यों से सिंघाड़ा एवं मछली उत्पादन की जानकारी ली। समिति सदस्यों ने बताया कि वर्तमान में तालाब से लगभग 150 से 200 क्विंटल सिंघाड़ा उत्पादन हुआ है, जिसका विक्रय दमोह एवं पटेरा क्षेत्र में किया जा रहा है। इससे समिति के सदस्यों को अच्छी आय प्राप्त हो रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि मछली उत्पादन भी संतोषजनक है और वर्तमान में प्रति सप्ताह 60 से 70 किलोग्राम मछली का उत्पादन हो रहा है। समिति सदस्यों ने बताया कि यह तालाब उन्हें दो वर्ष हुए 10 वर्ष के लिए पट्टे पर प्राप्त हुआ है, जबकि पूर्व में वे इसी तालाब में 10 वर्षों तक पट्टे पर मछली एवं सिंघाड़ा उत्पादन कर चुके हैं। सदस्यों ने यह भी जानकारी दी कि उन्हें क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्राप्त हुई है, जिससे उनके कार्य को मजबूती मिली है और आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने भी मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों से चर्चा की तथा उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य विभाग के जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एकल अभियान ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एकल अभियान संभाग महाकौशल भाग शारदा अंचल दमोह के संच पटेरा की उपसंच प्रतियोगता दिनांक 27 दिसंबर 2025 को मां शीतला माता मंदिर बमनपुरा में संपन्न हुई जिसमें उपसंच समिति एवं संच समिति विद्यालय ग्रामो से भजन मंडली सम्मिलित हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हेतु विद्यालय ग्राम बमनपुरा संरपच श्रीमान कमलेश जैन की उपस्थिति रही। निर्णायक भूमिका में पंडित श्रीमान रामेश्वर मिश्रा, श्रीमान अमरसिंह राजपूत, बालमुकुंद पटेल उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता हेतु संभाग ब्यास श्रीमान नितिन जी भाई साब की भूमिका रही। अंचल दमोह से अभियान प्रमुख भूरा जी, अंचल ब्यास श्रीमान भगवत जी, अंचल प्रशीक्षण प्रमुख श्रीमान गजेन्द्र, संच ब्यास कैलाश जी, संच ब्यास पंकज जी, संच प्रमुख राजेन्द्र जी एवं सभी आचार्य भाई बहिनों की उपस्थिती रही। कार्यक्रम के सहयोग में मुख्य भूमिका श्रीमान जीवन लाल पटेल, श्रीमान तुलाराम राय की रही।